Brainbox learn easy

## QUESTION & ANSWERS :

### मौखिक

### निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए-

**Answer the following questions in one or two lines-**

1. बड़े-बड़े बिल्डर समुद्र को पीछे क्यों धकेल रहे थे?

   Why were the big builders pushing the sea back?

उत्तर- बड़े-बड़े बिल्डर समुद्री जमीन को हथियाकर उस पर निरन्तर नई-नई इमारतें बनाकर समुद्र को पीछे धकेल रहे थे।

2. लेखक का घर किस शहर में था?

   In which city was the author's home?

उत्तर- लेखक का घर पहले ग्वालियर में था परंतु बाद में वह मुंबई के वर्सावा में रहने लगा।

3. जीवन कैसे घरों में सिमटने लगी है?

   How is life getting reduced to homes?

उत्तर- जीवन छोटे-छोटे डिब्बों जैसे घरों में सिमटने लगा है।

4. कबूतर परेशानी में इधर-उधर क्यों फड़फड़ा रहे थे?

   Why were the pigeons fluttering here and there in trouble?

उत्तर- कबूतर परेशानी में इधर-उधर इसलिए फड़फड़ा रहे थे क्योंकि उनके घोंसले में से एक अंडा बिल्ली ने उचककर तोड़ दिया था और दूसरा अंडा लेखिका की माँ द्वारा बचाने की कोशिश में उसके हाथ से छूटकर टूट गया था।

### लिखित

### (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए-

**Answer the following questions (in 25-30 words)**

1. अरब में लशकर को नूह के नाम से क्यों याद करते हैं?

   Why is Lashkar remembered as Noah in Arabia?

उत्तर- लश्कर ने एक बार एक कुत्ते को दुत्कार दिया था। इस पर उस कुत्ते ने जवाब दिया था कि कुत्तों और इंसानों में कोई फर्क नहीं होता, क्योंकि दोनों को एक ही भगवान ने बनाया है। इस कारण से लश्कर जिंदगी भर रोते रहे। इसलिए अरब में लश्कर को नूह के नाम से याद किया जाता है

2. लेखक की माँ किस समय पेड़ों के पत्ते तोड़ने के लिए मना करती थीं और क्यों?

At what time did the author's mother forbid plucking the leaves of trees and why?

उत्तर- लेखक की मां सूरज ढलने के बाद पेड़ों के पत्तों को तोड़ने से मना करती थी । उनका विश्वास था कि शाम के समय फूलों को तोड़ने से फूल पत्तियां बद्दुआ देते हैं और पेड़ रोते हैं। वह पेड़ों की पत्तियों और फूलों में भी जीवन का होना मानती थी।

3. प्रकृति में आए असंतुलन को क्या परिणाम हुआ?

What was the result of imbalance in nature?

उत्तर- प्रकृति में आए असंतुलन का परिणाम यह हुआ कि अब गरमी में ज्यादा गरमी, पड़ने लगी, बेवक्त की बरसातें होने लगी, जलजले, सैलाब और तूफान उठने लगे हैं। साथ ही नित नए-नए रोग उत्पन्न् होने लगे हैं।

Brainbox learn easy

4. लेखक की माँ ने पूरे दिन का रोज़ा क्यों रखा?

Why did the author's mother fast for the whole day?

उत्तर- लेखक की माँ बहुत ही दयालु तथा धर्मभीरू स्त्री थीं। उनके हाथों से गलती से कबूतर का अंडा फूट गया। इस पछतावे के कारण उसने दिन-भर का रोजा रखा तथा खुदा से अपना गुनाह माफ करने की प्रार्थना की।

5. लेखक ने ग्वालियर से बंबई तक किन बदलावों को महसूस किया? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

What changes did the author feel from Gwalior to Bombay? Explain on the basis of text.

उत्तर- लेखक ने ग्वालियर से मुंबई तक अनेक बदलाव देखे-

i) उसके देखते-देखते बहुत सारे पेड़ कट गए।

ii) नई-नई बस्तियाँ बस गईं।

iii) चौड़ी सड़कें बन गईं।

iv) पशु-पक्षी शहर छोड़कर भाग गए। जो बच गए उन्होंने जैसे-तैसे यहाँ-वहाँ घोंसला बना लिया।

6. डेरा डालने से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।

What do you mean by camping? Explain.

उत्तर- 'डेरा डालने' का आशय है-अपने रहने का स्थान बनाना। उसके लिए आवश्यक साजो-सामान जुटाना। कबूतरों के डेरा डालने का आशय है-अपने तथा बच्चों के लिए घोंसले बनाना। बच्चों के खाने-पीने के लिए सामग्री जुटाना।

7. शेख अयाज़ के पिता अपने बाजू पर काला च्योंटा रेंगता देख भोजन छोड़कर क्यों उठ खड़े हुए?

Why did Sheikh Ayaz's father stand up after leaving his meal when he saw a black cheonta crawling on his side?

Brainbox learn easy

उत्तर- शेख अयाज़ के पिता अत्यंत दयालु और सहृदय व्यक्ति थे। एक बार वे कुएँ से स्नान करके लौटे और भोजन करने बैठ गए। अचानक उन्होंने देखा कि एक काला च्योंटा उनकी बाजू पर रेंग रहा है। उन्होंने भोजन वहीं छोड़ दिया और उसे छोड़ने उसके घर चल पड़े ताकि उस बेघर को उसका घर मिल सके।

## (ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए-

**Answer the following questions (in 50-60 words) :**

1. बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा?

What was the impact of increasing population on the environment?

उत्तर- जैसे-जैसे जनसंख्या बढ़ रही है वैसे-वैसे समुद्र अपनी जगह से पीछे हटने लगा है, लोगों ने पेड़ों को काट कर रास्ते बनाना शुरू कर दिया है। प्रदुषण इतना अधिक फैल रहा है कि उससे परेशान हो कर पंछी बस्तियों को छोड़ कर भाग रहे हैं। बारूद से होने वाली मुसीबतों ने सभी को परेशान कर रखा है। वातावरण में इतना अधिक बदलाव हो गया है कि गर्मी में बहुत अधिक गर्मी पड़ती है, बरसात का कोई निश्चित समय नहीं रह गया है, भूकम्प, सैलाब, तूफ़ान और रोज कोई न कोई नई

बीमारियाँ न जाने और क्या-क्या ,ये सब मानव द्वारा किये गए प्रकृति के साथ छेड़-छाड़ का नतीजा है। इन सभी के कारण मानव जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मानव के जीवन पर इसका बहुत अधिक प्रभाव पड़ा है।

2. लेखक की पत्नी को खिड़की पर जाली क्यों लगानी पड़ी?

Why did the author's wife have to put a lattice on the window?

उत्तर- पक्षियों का प्राकृतिक आवास नष्ट होने से पक्षी यहाँ-वहाँ शरण लेने को विवश हुआ। लेखक के फ्लैट के रोशनदान में दो कबूतरों ने अपना डेरा जमा लिया और उसमें अंडे दे दिए उन अंडों से बच्चे निकल आए थे। छोटे बच्चों की देखभाल के लिए कबूतर वहाँ बार-बार आया-जाया करते थे। इस आवाजाही में कई वस्तुएँ गिरकर टूट जाती थीं। इसके अलावा वे लेखक की पुस्तकें और अन्य वस्तुएँ गंदी कर देते थे। कबूतरों से होने वाली परेशानी से बचने के लिए लेखक की पत्नी को खिड़की में जाली लगवानी पड़ी।

3. समुद्र के गुस्से की क्या वजह थी? उसने अपना गुस्सा कैसे निकाला?

What was the reason for the anger of the sea? How did he get

his anger out?

Brainbox learn easy

उत्तर- समुद्र के गुस्से की वजह थी-बिल्डरों की लालच एवं स्वार्थपरता। बिल्डरों ने लालच के कारण सागर के किनारे की भूमि पर बस्तियाँ बसाने के लिए ऊँची-ऊँची इमारतें बनानी शुरू कर दीं। इससे समुद्र का आकार घटता गया और वह सिमटता जा रहा था। मनुष्य के स्वार्थ एवं लालच से समुद्र को गुस्सा आ गया

4. ‘मट्टी से मट्टी मिले,

खो के सभी निशान,

किसमें कितना कौन है,

कैसे हो पहचान’

इन पंक्तियों के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है? स्पष्ट कीजिए।

What does the author want to say through these lines? Explain.

उत्तर- इन पंक्तियों के माध्यम से कवि यह कहना चाहता है कि सब प्राणियों की रचना अनेक तरह की मिट्टियों से हुई है, पर ये मिट्टियाँ आपस में मिलकर अपनी स्वाभाविकता रंग-गंध आदि खो चुकी हैं। अब वे सब मिलकर एक हो चुकी हैं। अब किस व्यक्ति में कौन-सी किस्म की मिट्टी कितनी है, इसकी पहचान कैसे की जाए।

इसी तरह मनुष्य में भी सद्गुणों और दुर्गुणों का मेल है। किसमें कितना सद्गुण है और कितना दुर्गुण है यह कह पाना कठिन है।

**(ग) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए-**

**Explain the meaning of the following**

1. नेचर की सहनशक्ति की एक सीमा होती है। नेचर के गुस्से का एक नमूना कुछ साल पहले बंबई में देखने को मिला था।

There is a limit to the stamina of nature. An example of nature's anger was seen in Bombay a few years ago.

उत्तर- लेखक का आशय है कि नेचर अर्थात प्रकृति भी एक सीमा पर सब कुछ सहन करती है। जब मनुष्य प्रकृति से अधिक छेड़छाड़ करता है तो वह उसे अवश्य सजा देती है। जब प्रकृति को गुस्सा आता है तो वह भारी तबाही मचा देती है। कुछ साल पहले मुंबई में भी प्रकृति के ऐसे ही गुस्से का एक उदाहरण देखने को मिला था। तब समुंदर ने 3 समुद्री जहाजों को मुंबई के तीन अलग-अलग स्थानों पर फेंक कर अपने गुस्से को व्यक्त किया था। प्रकृति का गुस्सा अत्यंत भयानक होता है। अतः मनुष्य को प्रकृति के साथ अधिक छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए।

2. जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है।

The older he gets, the less angry he gets.

Brainbox learn easy

उत्तर- कई सालों से बड़े-बड़े मकानों को बनाने वाले बिल्डर मकान बनाने के लिए समुद्र को पीछे धकेल कर उसकी जमीन पर कब्ज़ा कर रहे थे। जब समुद्र के पास खड़े रहने की जगह भी कम पड़ने लगी और समुद्र को गुस्सा आ गया। कहा जाता है कि जो जितना बड़ा होता है उसको गुस्सा उतना ही कम आता है परन्तु जब आता है तो उनके गुस्से को कोई शांत नहीं कर सकता। समुद्र के साथ भी वही हुआ जब समुद्र को गुस्सा आया तो एक रात वह अपनी लहरों के ऊपर दौड़ता हुआ आया और तीन जहाज़ों को ऐसे उठा कर तीन दिशाओं में फेंक दिया जैसे कोई किसी बच्चे की गेंद को उठा कर फेंकता है।

3. इस बस्ती ने न जाने कितने परिंदों-चरिन्दों से उनका घर छीन लिया है। इनमें से कुछ शहर छोड़ कर चले गए हैं। जो नहीं जा सके हैं उन्होंने यहाँ-वहाँ डेरा दाल लिया है।

This settlement has snatched their house from many birds and birds. Some of them have left the city. Those who could not go have camped here and there.

उत्तर- लेखक आशय है कि बढ़ती हुई आबादी के कारण मनुष्य ने अनेक बस्तियों को बसाना शुरू कर दिया है। बस्तियों के बसाने के लिए उस जंगलों को काट डाला है जिससे जंगलों में रहने वाले पशु पक्षी बेघर हो गए हैं। बस्तियों ने इन पशु-पक्षियों से उनका घर छीन लिया है। इनमे से कुछ पशु पक्षी लोगों के बचने के कारण शहर छोड़कर चले गए हैं। जो नहीं जा पाए उन्होंने इधर-उधर अपने रहने की जगह बना ली है । ये पशु-पक्षी इन बस्तियों के आसपास से मंडराते रहते हैं।

4. शेख अयाज़ के पिता बोले,'नहीं यह बात नहीं है। मैंने एक घर वाले को बेघर कर दिया है। उस बेघर को कुँए पर उसके घर छोड़ने जा रहा हूँ।' इन पंक्तियों में छिपी हुई उनकी भावना को स्पष्ट कीजिए।

Sheikh Ayaz's father said, 'No, it is not the case. I have made a homeless person homeless. I am going to drop that homeless home at the well.' Explain his feeling hidden in these lines.

उत्तर- इन पंक्तियों में शेख अयाज़ के पिता की प्राणी मात्र के प्रति करुणा की भावना व्यक्त हुई है। शेख अयाज़ के पिता शरीर पर चिपके च्योंटे को वापस उसके घर पहुंचा देते हैं। उन्हें इस बात का दुख था कि उन्होंने एक प्राणी को उसके घर से बेघर कर दिया है। उस बेघर हुए प्राणी के प्रति उनमें करुणा की भावना थी। इसी कारण वे भोजन छोड़कर पहले उस च्योंटे को कमरे में छोड़ने के लिए चल देते हैं।

Brainbox learn easy